# कार्यालय वन मण्डल अधिकारी वन मण्डल सिंगरौली (म0प्र0)

माजन मोड़ जिला पंचायत के बगल में

ईमेल–dfot.sgl@mp.gov.in, फोन–07805-233336 फैक्स–233335


क्रं0 / मा0चि0 / 811 सिंगरौली, दिनांक 01/03/2018

प्रति,

महाप्रबंधक

एन.सी.एल. निगाही परियोजना

विषयः– एन.सी.एल. के निगाही परियोजना में ओपनकास्ट माईनिंग हेतु 874.146 हे0 वनभूमि पर ऊपरी तल अधिकार के नवीनीकरण हेतु।

संदर्भः– मुख्य वन संरक्षक रीवा वृत्त रीवा का पत्र क्रमांक / मा0चि0 / 1542, दिनांक 16.02.2018।

–000–

विषयांकित प्रस्ताव मुख्य वन संरक्षक रीवा वृत्त रीवा के संदर्भित पत्र के माध्यम से कतिपय कमियों की पूर्ति के लिए वापस प्राप्त हुआ है। संदर्भित पत्र की प्रति संलग्न है।

2. निम्नानुसार कमियों की तत्काल पूर्ति करें :–

(i) नवीनीकरण हेतु प्रस्तावित स्थल का विषलेषण रिपोर्ट जैसे किः–

(अ) प्रस्तावित स्थल का पूर्व में अनुमोदित कुल क्षेत्रफल एवं खनिज की मात्रा सेफ्टीजोन क्षेत्र के साथ टोपोशीट पर दर्शाये।

(ब) विद्यमान खदान में अब तक कितने क्षेत्र पर उत्खनन किया जा चुका है एवं उत्खनन हेतु खदान के अन्दर 500 मी0 की परिधि में कितने अस्थाई रास्ते बनाए गये है, दिशा नर्देश के साथ टोपोशीट पर दर्शायें।

(स) खदान की वर्तमान प्रोग्रेश रिपोर्ट (कितने क्षेत्र पर उत्खनन किया जा चुका है एवं कितने पर किया जाना बाकी है) खनिज अधिकारी अथवा खनिज विभाग के सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र, प्राप्त कर प्रस्तुत करें।

(ii) पूर्व में प्राप्त सैद्धांतिक स्वीकृति के आधार पर किये गये अब तक खनन कार्य में सैद्धांतिक स्वीकृति के शर्तों के पालन की स्थिति क्या है बिन्दुवार सैद्धांतिक स्वीकृति क्रमांक 8–62 / 86–एफ–सी दिनांक 18.06.1987 के आधार पर जानकारी प्रस्तुत करें।

कमियों की पूर्ति करने हेतु आपके द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव मूलतः वापस किया जाता है। कमियों की पूर्ति उपरान्त प्रस्ताव पुनः प्रस्तुत करें।

संलग्नः– 1. प्रस्ताव मूलतः 05 प्रतियों में।
2. संदर्भित पत्र की छायाप्रति।

(ए.एस. तिवारी)
वन मण्डल अधिकारी
वन मण्डल सिंगरौली

पृ0क्र0 / मा0चि0 / 812 सिंगरौली दिनांक 01.03.2018

प्रतिलिपिः–

1. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) मध्यप्रदेश सतपुड़ा भवन भोपाल म0प्र0 की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. मुख्य वन संरक्षक रीवा वृत्त रीवा की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।

3. उप वन मण्डल अधिकारी बैढ़न की ओर अग्रेषित। मुख्य वन संरक्षक रीवा वृत्त रीवा के संदर्भित पत्र की प्रति संलग्न कर भेजी जा रही है। पत्र के बिन्दु क्रमांक 03 को सावधानी पूर्वक पढ़े एवं भारत सरकार के द्वारा जारी स्वीकृति क्रमांक 8–62/86–एफ–सी दिनांक 18.06.1987 के अनुपालन में किये गये वैकल्पिक वृक्षारोपण की वर्तमान स्थिति के संबंध में स्थल निरीक्षण कर प्रतिवेदन दें।

**संलग्नः–** संदर्भित पत्र की छायाप्रति।

4. श्री सूर्यप्रकाश चौधरी, मानचित्रकार वनमण्डल कार्यालय सिंगरौली को अग्रेषित। संदर्भित पत्र के बिन्दु क्रमांक 4, 5 एवं 6 का तत्काल अनुपालन करें। भविष्य में ऐसी त्रुटि न हो इसका ध्यान रखें। राजस्व शाखा प्रभारी से संपर्क कर बिन्दु क्रमांक 7 में निहित निर्देशों के अनुरूप वृक्षों के पातन, प्राप्त वनोपज एवं वनोपज के निर्वतन की जानकारी यथाशीघ्र तैयार करें।
5. श्री सुरेन्द्र सिंह सेंगर, प्रभारी मुख्य लिपिक एवं राजस्व शाखा प्रभारी को अग्रेषित। विषयांकित भूमि से वृक्षों के विदोहन एवं निर्वतन की जानकारी तत्काल तैयार कर मानचित्रकार शाखा को सौपे।

वन मण्डल अधिकारी
वन मण्डल सिंगरौली

nigahi project